श्री० राधाकृष्ण बजाज ने बतलाया कि गत वर्ष सर्वोदय केन्द्र सीमेल को गायों की खरीद के लिए योजनानुसार एक हजार रुपये सहायता की रकम भेजी गई थी । पर उस समय वहां गोपालन का कार्य हाथ में न लिया जा सकने के कारण वह रकम वापास आ गई । अब केन्द्र की ओर से इस रकम की मांग आयी है । तय हुआ कि सर्वोदय केन्द्र सीमेल को गायों की खरीद के लिए एक हजार रुपया (1000) मात्र सहायता स्वरूप दिया जाय ।

.....

www.vinoba.in

(बेझवाडा– 12-12-55) पृ०नं० 125

प्रस्ताव नं० 34:- शिवदासपुरामें परशुराम की गो-सेवा सहायता रु० 700

शिवदासपुरा खादी विद्यालय(राजस्थान) में एक भाई श्री परशुराम कृषि खेती से स्वावलंबन का प्रयोग कर रहे हैं। बाहर से वे अन्य कोई सहायता नहीं ले रहे हैं। प्रयोग का पहला ही वर्ष होने के कारण तथा इस साल अतिवृष्टि से फसल कुछ खराब होने के कारण तथा निवास के लिए एक झोपडी बनाने के लिए इन भाई ने राजस्थान समग्र सेवा संघ के मार्फत सूतांजलि की रकम में से सहायता की मांग की है। तय हुआ कि सूतांजलि से प्राप्त रकम में से रु० 700) रुपया सात सौ सहायता दी जाय।

.....

(धर्मपुरी– 4-8-56) पृ०नं० 163

प्रस्ताव नं० 7 :- 1954-55 के ऑडिट रिपोर्ट की मंजूरी :-

सर्व सेवा संघ की सन् 1954-55 की आडिट रिपोर्ट मेसर्स के० के० माणकेश्वर एण्ड को० नागपुर ने तारीख 19 मार्च 1956 को दी। वह संघ के सारे सदस्यों को परिपत्रित की गई थी। प्रबंध समिति की बैठक में उक्त आडिटेड रिपोर्ट फिर से सदस्यों को दिखाई गई और ~~कन-क~~ वह मंजूर की गई है ऐसा निर्णय लिया गया।

कृषि गोपालन केन्द्र, दुर्गापुरा(राजस्था की ओर से श्री बलवंत सिंह जी का रु० 25000) के अनुदान के मांग का तारीख 30-5-56 का पत्र पेश किया गया। चर्चा के दरम्यान यह बताया गया कि केन्द्र की प्रबंध समिति की तारीख 15 दिसंबर 1955 की बैठक के प्रस्ताव से रु० 21000) मंजूर किये हैं। जब संघ के पास राजस्थान गोसेवा संघ की कोई अंकित निधि भी नहीं है। संघ गांधी स्मारक निधि आदि से आर्थिक सहायता लेकर औरों को अनुदान दे, यह नीति कहां तक ठीक है? उक्त केन्द्र स्वयं ही सीधा गांधी स्मारक निधि आदि संस्थाओं से आर्थिक सहायता क्यों न प्राप्त करें? चूंकि राधाकृष्णजी से ~~यह~~ इस विषय संबंधित जानकारी है इसलिये इसका निर्णय उनकी उपस्थिति में आगामी बैठक में लिया जाय।

www.vinoba.in

(पलनी– 19-11-56)
(19-11-56)

पृ०नं० 181

प्रस्ताव नं० 17 :- राजस्थान गो०से०संघको 31 हजार अनुदान ।

राजस्थान गोसेवा संघ के कृषि गोपालन केन्द्र, दुर्गापुर की ओर से श्री बलवन्तसिंहजी के रु० 31000) के अनुदान की मांग के तारीख 30-5-56 के पत्र पर निर्णय लेना धर्मपुरी प्रबंध समिति की बैठक में श्री राधाकृष्णजी की अनुपस्थिति के कारण स्थगित रखा गया था । वह फिर से पेश किया गया। विचार होकर तय हुआ कि उक्त केन्द्र को रु० 31000) हजार का अनुदान गो-सेवा संघ की अंकित निधि में से दिया जाय ।

= = = = =

पृ०नं० 182

प्रस्ताव नं० 18 :- पिपरी केन्द्र पर ब्याज लगाने संबंधी

श्री राधाकृष्ण जी ने बताया कि कृषि गो सेवा केन्द्र पीपरी के 55-56 साल के खर्च में विभाग के काम में लगी हुई पूंजी पर ब्याज रु० 3622 और मकान किराये का 1572) दोनों मिलकार रु० 5194) का नया खर्च जोडा गया है । जो पहले नही जोडा जाता था । उक्त केन्द्र का काम खादी काम की तरह व्यावसायिक न होकर विकास का काम है, इसलिए उसमें ब्याज किराया खर्च जोडना उचित नही है ।

श्री सिध्दराज जी ने बताया कि, खादी, ग्रामोदयोग, कृषि गो–पालन, शिक्षण आदि संघ की सारी प्रवृतियों में सामान्य नियम अम्ल मे लाने की दृष्टि से इस साल उक्त खर्च जोडे गये है । गो–सेवा संघ के सर्व सेवा संघ में विलीन हो जाने के बाद भी पिछले कुछ वर्षों में गलती से कृषि–गो-सेवा के केन्द्रों पर वह खर्च नही लगाया गया था और इस वर्ष वह कमी दुरुस्त हो गई है । नियम में परिवर्तन करना हो तो वह प्रबंध समिति सोचे । तय हुआ कि इस बारे में आगामी मीटिंग में निर्णय लिया जाय ।

= = = = = =

www.vinoba.in

धि समिति रजि० नं० 3)

(सेवाग्राम– 8-7-57) पृ०नं० 38

प्रस्ताव नं० 9 :- गो - सेवा समिति गठन

श्री० जानकीदेवी बजाज ने कहा कि जिस प्रकार संघ ने देश में चल रहे खादी ग्रामोद्योगों के काम का मार्गदर्शन करने के लिये खादी-ग्रामोद्योग समिति बनाई है उसी प्रकार अब जब कि ग्रामदान के बाद ग्राम निर्माण का काम भी जगह–जगह उठाया जा रहा है तब गो–वंश सुधार इत्यादि के काम में मार्ग-दर्शन करने के लिये संघ को सक्रिय रूप से सोचना चाहिये । चर्चा के बाद इस संबंध में नीचे लिखे अनुसार प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

''ग्रामदान के बाद गाँवों के पुनर्निर्माण के काम में तथा गाँवों की आर्थिक रचना में गो–वंश सुधार और पशु–पालन का बड़ा महत्व है । यह काम खेती सुधार का एक आवश्यक अंग है । सर्व सेवा संघ की ओर से नीचे लिखे सदस्यों की एक स्थायी गो-सेवा समिति रहे जो इन कामों के बारे में विचार तथा मार्गदर्शन करें ।

(1) श्री० धीरेन्द्र मजूमदार

(2) श्री० आर० श्री० धोत्रे ।

(3) श्री० जानकी देवी बजाज ।

(4) श्री० ब०सा०देशपांडे ।

(5) श्री० राधाकृष्ण बजाज (संयोजक)

= = = = = = =

(बंबई– 20-4-59) पृ०नं० 148

प्रस्ताव नं० 9 :- कृषि गो सेवा समिति

चालीस गाँव के प्रस्ताव के अनुसार कृषि गो सेवा के काम को नया मोड़ देने के सिलसिले में ता० 12 से 25 मार्च तक श्री० विनोबाजी की उपस्थिति में कृषि गो– सेवा सम्मेलन, सीकर (राजस्थान) में हुआ । सम्मेलन की कार्रवाई, और वहाँ स्वीकृत निवेदन तथा समिति के गठन संबंधी उसकी सिफारिश विचारार्थ पेश की गई। सम्मेलन द्वारा सुझाई गई नीचे लिखे सदस्यों की कृषि-

www.vinoba.in

गो-सेवा समिति गठन की गई :—

(1) श्री ढेबर भाई, अध्यक्ष।

(2) श्री राधाकृष्ण बजाज, उपाध्यक्ष।

(3) श्री य०म०पारनेरकर, मंत्री।

(4) श्री बलवंतराव देशपांडे, सहमंत्री

(5) श्री बद्रीनारायण सोठानी, ''

(6) श्री श्रीमन्नारायणजी

(7) श्री लक्ष्मनलजी

(8) श्री जानकीदेवीजी

(9) श्री धीरेन्द्रभाई

10) श्री मानसिंह भाई

11) श्री शिवशंकर रावल

12) श्री व०म०बुरडे

13) श्री अप्पासाहब।

14) श्री रामेश्वर अग्रवाल।

15) श्री कृष्णप्पाजी उप कृषि मंत्री भारत सरकार।

16) श्री कमलनयन बजाज।

17) श्री परमेश्वरी प्रसाद गुप्त।

18) श्री कालेलकरजी।

समिति में अधिक सदस्य बढाने के बारे में चर्चा हुई। उस समय यह विचार सामने आया कि संघ के विधान में जो नया बदल हो रहा है उसको देखकर ही नये सदस्य लेना ठीक होगा। इसलिये तय हुआ कि सीकर सम्मेलन में प्रस्तावित सदस्यों की ही समिति अभी मान्य रहे और उसे आवश्यकतानुसार नये सदस्य बढाने का एवं कार्यसमिति बनाने का अधिकार दिया जाय। समिति अपने काम व संचालन के बारे में कुछ नियम बनाये जो अन्य समितियों के संचालन के लिये भी अनुकरणीय हो। श्री ढेबरभाई से निवेदन किया गया कि वे श्री विनोबा जी की सलाह से ऐसे नियम बनायें।

=.=.=.=.=.=

(बंबई— 20-4-59) पृ०नं० 148

प्रस्ताव नं० 10 :- पीपरी केन्द्र का खर्च प्रधान केन्द्र से चले

पीपरी के कृषि-गो-सेवा केन्द्र कार्य को भी ग्राम-स्वराज्य की दिशा में नया मोड देने का प्रयत्न हो। पीपरी का प्रयोग जन आधारित नहीं होगा, इसलिये उसका खर्च पूर्ववत जनरल (सामान्य निधि) से जारी रखा जाय और कृषि-गो-सेवा समिति इसका संचालन करे।

www.vinoba.in

=.=.=.=.=.=

(बंबई– 20-4-59) पृ०नं० 148

प्रस्ताव नं० 11 :- गो सेवा चर्मालय कृ०गो०सेवा समिति चलावे :-

सीकर सम्मेलन में श्री० विनोबाजी तथा श्री० गोपालराव वालुजकर की उपस्थिति में चर्मालय के संबंध में जो चर्चायें हुई, उसकी जानकारी श्री० राधाकृष्णजी ने दी। और यह भी बताया कि इस बारे में अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। चर्चा होकर तय हुआ कि गो-सेवा चर्मालय की स्थापना गो-सेवा समिति इसका संचालन करे और गो-सेवा की दृष्टि से आगे किस तरह से चलाया जाय, वह तय करें।

=.=.=.=.=.=

(पूसा रोड– 1-7-59) पृष्ठ नं० 181

प्रस्ताव नं० 8 :- खेती प्रशिक्षण छात्रवृत्ति

खेती~~कार्यकर्ता~~ प्रशिक्षण विद्यालयों में कृषि शिक्षक वही हो जिन्होंने अपने हाथ से खेती करके स्वावलंबन का सफल प्रयोग किया हो। इस विचार के मुताबिक श्री० बनवारी लाल चौधरी और श्री० गोविन्द रेड्डी के पास कुछ कार्यकर्ताओं को सालभर कृषि शिक्षण के लिए भेजने के बारे में चर्चा होकर निश्चय हुआ कि इस संबंध में निर्माण समिति आखिरी तौर पर कुछ योजना व नीति तय करें। फिलहाल श्री० बनवारी लाल चौधरी के पास दो कार्यकर्ताओं को भेजा गया है उनको रु० 40 प्रति व्यक्ति प्रति मास के हिसाब से वर्ष भर के लिए रुपये 960) छात्रवृत्ति दी गई।

= = = = = = = =

(सेवाग्राम– 25-8-59) पृ०नं० 191

प्रस्ताव नं० 9 :- खेती प्रशिक्षण छात्रवृत्ति।

ग्रामदानी गांवों में निर्माण काम के लिए कृषि के जानकार कार्यकर्ताओं की विशेष जरूरत होती है। अतः ऐसे कार्यकर्ताओं को कृषि या प्रयोगिक और शास्त्रीय ज्ञान देने की कुछ व्यवस्था की जा सके तो वह उपयुक्त होगा। श्री धीरेन्द्रभाई व श्री० अण्णासाहब ने इस प्रकार की ट्रेनिंग की कहीं अनुकूलता हो

www.vinoba.in

सकती है इसकी कुछ कार्यकर्ताओं से चर्चा की थी । श्री बनवारीलालजी चौधरी और श्री गोविन्द रेड्डी (चावडा) ने इस प्रकार की ट्रेनिंग देने की अपनी तैयारी बताई । जो कार्यकर्ता ट्रेनिंग के लिए जायं उन्हें निवास, भोजन की व्यवस्था वगैरह की दृष्टि से कुछ छात्र-वृत्ति दी जाय तथा खेती के लिए व निवास की व्यवस्था की दृष्टि से साधन वगैरह के लिए परिशिष्ट कुछ सहायता दी जाय । तय किया गया कि 15 तक छात्रों के लिए 40) रु० प्रति माह, प्रति व्यक्ति के हिसाब से एक वर्ष के लिए रु० 1700) तक की छात्रवृत्ति दी जा सकती है तथा साधन, निवास के शेड, वगैरह के लिए श्री बनवारी लालजी चौधरी के आश्रम को रु० 1500) तक की तथा श्री रेड्डीजी को रु० 2000) तक की सहायता दी जा सकती है ।

= = = = = = = = =

(वाराणसी— 29-10-59) पृ०नं०212

प्रस्ताव नं० 15 :- कृ०गो०से०समिति की 8 लाखकी योजना गांधी निधि के पास भेजी जाय

श्री राधाकृष्ण बजाज ने कृषि गो सेवा समिति की ओर से भेजी गई गांधी स्मारक निधि से सहायता प्राप्त करने संबंधी योजना की जानकारी कराई, जिसमें गोरस भंडार, नस सुधार, बछडी पालन, सांड-निर्माण, चारा व्यवस्था, गो— विद्यालय , पशु-चिकित्यालय व कृषि-सुधार प्रयोग, और प्रादेशिक संगठक रखने वगैरह के 9 कार्यक्रम थे । पांच वर्ष के खर्च के लिये रु० 812500) की मांग की गई है । तय किया गया कि योजना गांधी स्मारक निधि की प्रबंध समिति की सिफारिश के साथ भेज दी जाय ।

= = = = = = = = =

www.vinoba.in

बंध समिति रजि० नं० 4)

(सेवाग्राम— 19-3-60) पृ०नं० 27

प्रस्ताव नं० 24 :- कृषि गो सेवा ======= समिति की रिपोर्ट

गो-सेवा समिति का कार्य भारत के सांस्कृतिक सामाजिक और आर्थिक नवरचना के अनुसन्धान में सोचा जाना चाहिये। गाय की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुये और उसकी सेवा के जरिए प्राणिमात्र के प्रति करुण भाव जागृत करने की दृष्टि से गोवंश को मानव-समाज में अपने परिवार में अभिन्न स्थान दिया है। और उसे अवध्य माना है। भारत का यह कदम मानव जाति के लिए संस्कार वृध्दि के क्षेत्र में अनुपम था।

जन संख्या की वृध्दि एवं जमीन की कमी के कारण भारत के लोग स्वयं ही जब तक्लीफ में है उनकी ओर से गो—सेवा की अपेक्षा करना मुश्किल माना जाता है। लेकिन हमें समझना चाहिये कि जैसे बिना खेती भारत की आर्थिक उन्नति नहीं हो सकती, उसी प्रकार बिना गाय भारत की खेती नहीं हो सकती व भारत का स्वास्थ्य सुधरेगा। भारतीय भूमि को जोतने के लिए जिस शक्ति की जरूरत है वह बैल से ही प्राप्त हो सकती है। ट्रैक्टर का उपयोग सीमित मात्रा में हो सकता है लेकिन सारी खेती ट्रैक्टर से करनी हो तो न उतने ट्रैक्टरों की गुंजाईश है और न सम्भावना है।

भारत में जितनी जमीन है जितना चारा पैदा किया जा सकता है उसको देखते हुये यह वांछनीय नहीं है कि खेती के लिये बैल और दूध के लिये भैंस दो दो पशु रहें भले ही भैंस व्यक्तिगत दृष्टि से लाभादयक लगती हो दो प्रकार के पशुओं का बोझ उठाना सम्भव नहीं होगा। इसीलिये उसी नस्ल को बढावा दियाजाय जिससे बैल अच्छे हो और दूध भी अधिक हो सके। पशुओं की संख्या कम रहे और अच्छी ही पशु पैदा हो इसके लिये रद्दी सांडों को बधिया किया जाय और ~~स~~ कण्ट्रोल ब्रिडिंग हो।

इन बातों में हमारा दिमाग साफ हो जाय तो ध्यान में आयेगा कि गायों को बढावा देने में गाय की रक्षा तो होगी ही हमारी भी रक्षा होगी। गाय को बढावा देने का अर्थ है उसकी पालन और नस्ल सुधार में हमारी शक्ति लगाना।

www.vinoba.in

इसलिए जरूरी है कि इस आयोजन में गाय की उन्नति के लिए स्पष्ट हो। भारत में आज गायों की जो स्थिति है उसके तीन भाग किये जा सकते है।

(अ) जिन प्रदेशों में गाय आज भी आर्थिक दृष्टि में छाडी है जैसे राजस्थान, गुजरात(सौराष्ट्र), मालवा, हरियाणा आदि भागों में वहां केवल गाय को ही बढ़ाया जाय। भैंस का विस्तार न हो।

(आ) जिन प्रदेशों में गाय या भैंस दोनों ही अच्छी स्थिति में नहीं है वहां गाय को आगे लाने का यत्न किया जाय जैसे- आसाम, उडीसा, बंगाल आदि।

(इ) जहां गाय और भैंस में प्रतियोगिता चल रही है, वहां गाय को संरक्षण दिया जाय। यानि सरकारी मदद गाय को ही दी जाय। अन्य भी जो बातें जरूरी हो की जायें।

गाय और मनुष्य दोनों का निर्वाह तभी हो सकता है जब हम कृषि आयोजन में अनाज (क्रोप प्लानिंग) के साथ साथ चारे का भी (फाडर-प्लानिंग) का भी आयोजन करें और देश में जहां जहां भी चारे के साथ न उपलब्ध हो उनका ठीक ढंग से उपयोग करें। मिक्स फार्मिंग को बढावा दें।

खेती की उर्वरा शक्ति बढाने के लिये साथ साथ पशुओं के खाद का सम्पूर्ण उपयोग करना ही होगा। इसलिए ईंधन का प्रश्न हल करने के लिये गैस प्लेंट की ओर ध्यान देना होगा।

मृत पशु के चमडे, हड्डी, सींग आदि का पूरा उपयोग करने के लिए चर्मालयों की व्यवस्था हो।

जो पशुधन निरूपयोग बन गये है उसका भार कम करने के लिये गौ-सदनों की योजना हो। गाय के दूध-घी के मार्केट को हानि पहुंचानेवाले जमायें तेल, विदेशी मिल्क पाउडर जैसी चीजों पर रोक लगनी चाहिए।

ग्राम स्वराज्य के संदर्भ में आज आवश्यक है कि कृषि गोपालन खादी ग्रामोद्योग और नई तालीम इन पांचों को समग्र दृष्टि से चलाया जाय। जहां एक प्रवृत्ति मुख्य हो वहां अन्य प्रवृत्तियां भी प्रतीकात्मक रूप से चलनी चाहिए, तभी हमारे हर काम की प्रतिष्ठा मिलेगी। हमारा ग्राम समाज में परिवर्तन

www.vinoba.in

लाने का है। अतः कोई काम लोक सम्मति के बिना आज के समय में नहीं होना चाहिए, अतः व्यापक लोक-शिक्षण की योजना होनी चाहिए। हर रचनात्मक केन्द्र में कम से कम एक गाय तथा एक सांड रखकर इस काम का आरम्भ किया जा सकता है। कार्यकर्तागण घर तथा केन्द्र में गाय के ही घी, दूध के इस्तेमाल का आग्रह रखकर गो-सेवा में सहायक हो सकते है।

यह भी खुशी की बात है कि शासन भी इस कार्य में समिति को सहानुभूति के साथ सहायता दे रहा है। समिति का काम है कि वह शासन विशेषज्ञ और जनता के बीच कड़ी बनकर सबको जोड़ दें।

= = = = = = =

(बंगलोर--27-10-60) पृ०नं० 82

प्रस्ताव नं० 16 :- कृषि गो सेवा मंत्री नियुक्ति।

समिति के अध्यक्ष श्री ढेबरभाई ने गो-सेवा समिति के काम की जानकारी कराते हुए बताया कि राजस्थान के बीकानेर क्षेत्र में गाएं बड़ी संख्या में है तथा वहां ध्यान देने पर कापी काम होनेवाला है। इसलिए वहां का संगठन मजबूत बना लिया गया है। राजस्थान में तृतीय पंचवर्षीय योजना में एक भैंस का बड़ा ब्रीडिंग फार्म खोलना तय हुआ था। उसे रोक दिया गया है। उसके बदले राजस्थान सरकार ने बीकानेर विभाग में गोपालन की एक बड़ी योजना बनाई गई है।

गुजरात में अभी अक्तूबर में ही नया संगठन बनाया गया है। अहमदाबाद में दूध का काम म्युनिसिपैलिटी के आधीन है। वहां गायों का दूध फैट परसेंट से लिया जाता है। इस कारण गो-दूध के दाम बहुत कम मिलते है। प्रयत्न किया जा रहा है कि इस पद्धति में परिवर्तन हो तथा गो-दूध का भाव भैंस के दूध के बराबर मिलें। राजकोट तथा आनन्द में गाय की जगह भैंस का प्रवेश बीच के वर्षों में हो गया। उस स्थिति के बदलने का प्रयत्न किया जा रहा है।

www.vinoba.in

दूसरा काम गो-संवर्धन कौंसिल के पुनर्गठन का हुआ है। श्री ढेबर भाई ने बताया कि इस बारे में वे श्री विनोबाजी से मिले थे। उन्होंने तीन बातें बताई थी। :— (1) गो संवर्धन कौंसिल सर्व सेवा संघ की नीति को मान्य करे। (2) गाय और भैंस के दूध के दाम समान मिले और गाय को बढाया जाय ऐसा उसका कार्यक्रम हो। एक सेक्रेटरी हमारा और एक सेक्रेटरी सरकारी हो। यह तीनों बाते मान्य करा ली गई है। भारत सरकार के कृषि मंत्री श्री एस0 के0 पाटिल इस कार्य में पूरा सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने संसद में भी जाहिर किया कि कृषि गो सेवा कार्य वगैरह जन-संपर्क के नहीं हो सकता तथा जन-संपर्क गैर सरकारी संस्था ही अधिक कर सकती है। प्लानिंग कमीशन ने भी तय किया है कि कृषि और गो-सेवा का सम्मिलित विचार करेंगे।

वर्धाकी गोसेवा काम के बारे में श्री ढेबर भाई ने कहा कि उनकी कल्पना है कि वहां कृषि, गोपालन, पशु चिकित्सा और चर्मालय के शिक्षण की पूरी व्यवस्था हो जिसमें अद्यतन विज्ञान का उपयोग किया जाय। प्रत्यक्ष काम करनेवाले किसानों के लिए थोडे समय का रिफ्रेशर कोर्स चलाया जाय तथा परिपूर्ण ज्ञान के लिए कृषि- गोसंवर्धन कालेज रहे, जिसके अन्तर्गत गोरस भंडार, पीपरी गोशाला और चर्मालय तीनों कर दिए जायें। इस प्रसंग पर श्री अण्णासाहेब ने कहा कि अभी सेवाग्राम में पैतीस गांवों के किसानों की सभा हुई थी। उन लोगों ने दो-तीन माह के अल्पकालीन कोर्स की मांग की और वे चाहते हैं कि शिक्षण का अभ्यासक्रम वे ही बनायेंगे। श्री ढेबर भाई ने इसमें अपनी सहमती प्रगट की।

श्री ढेबरभाई ने बताया कि सर्व सेवा संघ की कृषि गो-सेवा समिति के मंत्री श्री ~~करने~~ पारनेरकरजी के गोसंवर्धन कौंसिल में जाने के कारण कृषि गो सेवा समिति के मंत्री के रिक्त स्थान पर श्री छगनलाल जोशी की नियुक्ति की गई। प्रबंध समिति ने इसकी स्वीकृति दी।

=.=.=.=

(बंगलोर- 27-10-60) पृ0नं0 84

प्रस्ताव नं0 22 :- <u>कृषि गो-सेवा समिति को बजट से अतिरिक्त खर्च</u>

कृषि- गो सेवा समिति के गोरस भंडार, वर्धा के अन्तर्गत दूध का उत्पादन बहुत अधिक होने और शहर में सारे दूध की बिक्री न हो सकने के कारण

www.vinoba.in

समिति को 1959–60 में रुपये 38971–48 का बजट के अतिरिक्त घाटा सहना पड़ा । चर्चा होकर तय हुआ कि नयी मोड के संदर्भ में अन्य संस्थाओं की तरह कृषि गो सेवा समिति को भी विचार करना चाहिए और वर्धा के काम का क्या लक्ष्य है उससे हम क्या सिद्ध करना चाहते हैं और उस प्रयोग का क्या क्रम होगा इत्यादि पूरी निश्चित योजना प्रबंध समिति के सामने रखनी चाहिए ।

= = = = =

(सर्वोदयपुरम– 20-4-61) पृ०नं० 138

प्रस्ताव नं० 10 :- द० भारत कृ० गो० स० को अनुदान

दक्षिण भारत कृषि गो–सेवा समिति को सर्व सेवा संघ ने पाँच हजार रुपये कर्ज के रूप में दिए थे । गांधी स्मारक निधि या अन्य कहीं से यह रकम प्राप्त करके सर्व सेवा संघ का यह कर्ज वापिस करने की बात थी । लेकिन इस रकम की कोई व्यवस्था नहीं हो सकी है इसलिए यह कर्ज सर्व सेवा संघ अनुदान के रूप में उन्हें दे ऐसी उनकी माँग है । ट्रस्टी मंडल ने भी अनुदान देने की सिफारिश की है ।

तय हुआ कि उक्त रकम कर्ज के मद से हटाकर अनुदान के मद में द०भा० कृषि गो सेवा समिति को दी जाय ।

= = = = = = = = =

(काशी– 13-4-61) पृ०नं० 175

प्रस्ताव नं० 29 :- पीपरी केन्द्र का घाटा मंजूर

वर्धा के गोरस भंडार में 1959–60 साल में रुपया 38 हजार 9 सौ 71 रुपया 48 नये पैसे का घाटा आया था । उस घाटे को मंजूर करने से पहले वर्धा में गो सेवा के जो प्रयोग किए गए, उनके संबंध में जानकारी देकर आगे वर्धा के लिए क्या योजना सोची है, उसकी जानकारी प्रबंध समिति के सामने रखी जाय, ऐसा तय हुआ था ।

www.vinoba.in

श्री राधाकृष्ण बजाज व श्री अण्णा सहस्त्रबुध्दे ने नुकसान किस कारण हुआ इसकी जानकारी दी । एक लिखित रिपोर्ट भी देने का आश्वासन दिया ।

तय हुआ कि वर्धा गोरस भंडार का 1959-60 साल का रुपया 3897।=48 नं0 पैसे का घाटा मंजूर किया जाय ।

= = = = = =

(प्रबंध समिति रजि0 नं0 5)

(आरामबाग- 23-4-63) पृ0नं0 104

प्रस्ताव नं0 13 :- गो संवर्धन के प्रश्न

कृषि गो सेवा समिति द्वारा कुछ विचारणीय प्रश्न उठाये गये थे, जिनकी चर्चा प्रबंध समिति के साथ की गई ।

प्रारंभ में श्री देवरभाई ने गोसंवर्धन के कार्य की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले वर्ष दो प्रयोग किये गये :-

(1) जम्बई की आरे कालोनी में केवल भैंस का दूध निर्माण किया जाता है । गाय के दूध की संभावनाओं को जाँचने की दृष्टि से राठी जाती की 25 और गीर जाति की 25 इस तरह कुल 50 गायें प्रयोग के लिए कृषि गो सेवा समिति द्वारा दी गईं। उसके परिणाम उत्साह-वर्धक दिखाई दिये । इसलिये तीन महीनों के बाद उनकी मांग पर और 50 गायें दी गईं ६: महीनों के बाद इस प्रयोग के संबंध में मिल्क कमिशनर की रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि भैंस की तुलना में गाय केवल दो फीसदी फैट परसेंट में कम पड़ती है । लेकिन एक लैक्टेशन पीरियड में दूध की मात्रा तथा प्रति सेर दूध निर्मिति का खर्च देखते हुए गाय भैंस से बेहतर मालूम देती है । आरे कालोनी ने अब 500 गायों की मांग की है।

www.vinoba.in

(2) बीकानेर क्षेत्र में 1 मार्च 1962 से दूध निर्मिति का काम शुरू हुआ। शुरू में आठ मन दूध आता था। अब प्रतिदिन 200 मन दूध आ रहा है। लेकिन दूध के साथ वहां पर मिश्र फसल का उत्पादन और ऊन कताई का सुदयोग शुरू किया गया है, जिससे गवालो की आमदनी दुगुनी हो गई है। इस तरह से कृषि ग्रामोदयोग और गोपालन तीनों साथ चलाने का प्रयोग शुरू किया है।

श्री ढेबर भाई द्वारा उठाये गये कुछ नीति के प्रश्नों के सम्बन्ध में श्री विनोबाजी ने अपनी राय निम्न प्रकार दी :-

(1) भारत में फी व्यक्ति साढे सात तोले दूध है। इस स्थिति में दूध के रूप में ही दूध का उपयोग करने को उत्तेजन दिया जाना चाहिये। फी व्यक्ति 1 पौंड दूधका निर्माण जब तक नही होता है तब तक मिठाई में दूध का उपयोग करना गुनाह मानना चाहिये।

(2) जहां से दूध इकट्ठा किया जता है वहां के गवालों के बच्चों को दूध मिले इसलिये कुछ प्रमाण में उनके घर से दूध रखना आवश्यक किया है, यह नीतितो ठीक ही है। लेकिनजहां से दूध इकट्ठा किया जाता है, उस समूचे गांव के बच्चों को भी पर्याप्त दूध या छाछ मिले इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। ये एक ग्राम - योजना का विषय है।

(3) सिलेक्टिव ब्रीडिंग का विचार योग्य ही है। नंदी और बैल में फर्क मानी ही गया है। इसलिये अच्छे नंदी द्वारा ही संतति-निर्माण का काम होना चाहिए।

(4) क्रास ब्रीडिंग के लिये मेरा मानसिक विरोध नही है। सर्वांगी (हयूअलपरपर) नसल की बढावा मिले यह ध्यान में रखा जाय। इस सम्बन्ध में सायन्स जो कहेगा, उसके अनुसार किया जाय।

(5) कृत्रिम रेतन (आर्टीफीशल इनसेमिनेशन) के खिलाफ मेरी भावना आध्यात्मिक दृष्टि से है।

(6) गोवध बंदी के कानून के संबंध में कुछ लोगों की गलत धारणा रही है कि गांधीजी गोवध बंदी के कानून के खिलाफ थे।

www.vinoba.in

''स्वराज्य के बाद भारत कानून से गोवधबंदी कर सकता है। इस आशा का गांधीजी का कथन श्री-- किशोरलाल भाई मश्रुवाला ने गांधीजीके लेखों पर से उद्धृत किया है। गोवध बंदी के कानून से मुसलमानों की धर्मभावना को ठेस पहुँचेगी, ऐसा कुछ लोग कहते हैं, वह भी गलत है। कुरान में कहीं भी गोकुशी के लिए आधार नाही हैं। इसलिए ऐसा कानून बनाना इस्लाम पर प्रहार नहीं समझा जायगा। गोवधबंदी के सम्बन्ध में सर्व सेवा संघ की अपनी नीति स्पष्ट करते हुए प्रस्ताव करना चाहिए।

भैंस के हम लोग विरोधी तो नहीं है। जिस प्रदेश में या पहाड़ों आदि में गाय टिक नहीं सकतीं, लेकिन भैंस टिक सकती है या जिन प्रदेशों में भैंसो द्वारा खेती होती हो, वहां भैंस को जरूर उत्तेजन किया जाय।

=.=.=.=.=.=.=.=.=

(आरामबाग-- 23-4-63) पृ०नं० 106

प्रस्ताव नं० 14 :- समिति का पुनर्गठन :-

कृषि गो-सेवा समिति का निम्न प्रकार पुनर्गठन किया गया

(1) श्री	उछंगराय नवलशंकर ढेब	(अध्यक्ष)
(2) श्री	राधाकृष्ण बजाज	(उपाध्यक्ष)
(3) श्री	नलिन मेहता	(मंत्री)
(4) श्री	बलवंतराय देशपांडे	(मंत्री)
(5) श्री	य०म०पारनेरकर	(मंत्री)
(6) श्री	श्रीमन्नारायणजी	(सदस्य)
(7) श्री	तखतमल जैन	(सदस्य)
(8) श्री	मोरारजी देसाई	(सदस्य)
(9) श्री	परमेश्वरी प्रसाद गुप्ता	(सदस्य)
(10) श्री	जगनलाल जोशी	(सदस्य)

www.vinoba.in

(11) श्रीमती जानकी देवी बजाज (सदस्य)

(12) श्री कमल नयन बजाज (सदस्य)

(13) श्री धीरेन्द्र भाई (सदस्य)

(14) श्री अण्णा साहब सहस्त्रबुध्दे (सदस्य)

(15) श्री अक्षयकुमार करण (सदस्य)

(16) श्री सरदार दातार सिंह (सदस्य)

(17) श्री संत तुकडोजी महाराज (सदस्य)

(18) श्री बाबूभाई जसभाई पटेल (सदस्य)

(19) श्री मुकुन्दराय त्रिवेदी (सदस्य)

(20) श्री शिवशंकर रावल (सदस्य)

(21) श्री दत्तात्रेय मंजुनाथ बुरडे (सदस्य)

(22) श्री गोकुलभाई भट्ट (सदस्य)

(23) श्री गोपालराव वालुंजकर (सदस्य)

(24) श्री शांति प्रसादजी जैन (सदस्य)

(25) श्री महेन्द्र मोहन चौधरी (सदस्य)

(25) श्री ओमप्रकाश त्रिखा (सदस्य)

(27) श्री बद्रीनारायणजी गाडोदिया (सदस्य)

(28) श्री सेठ गोविन्ददासजी (सदस्य)

(29) श्री जयन्तिलालजी मानकर (सदस्य)

(30) श्री लोचन दासजी (सदस्य)

(31) श्री धर्मचन्दजी सरावगी (सदस्य)

(32) श्री वैद्यनाथ प्रसाद चौधरी (सदस्य)

(33) श्री सौंडिजी (सदस्य)

(34) श्री कृष्णप्पाजी (सदस्य)

(35) श्री राजासाहिब भद्री (सदस्य)

(36) श्री धर्मदेव शास्त्री (सदस्य)

(37) श्री प्राणलाल भाई कापडिया (सदस्य)

(38) श्री नवकृष्ण चौधरी (सदस्य)

(39) श्री माधवन नैयर (सदस्य)

(40) श्री शालिग्रामजी (सदस्य)

(41) श्री दिल्ली से एक सदस्य (सदस्य)

www.vinoba.in

(42) श्री मोहनलालजी सुआडिया (सदस्य)

(43) श्री रामप्रसादजी बंडेलवाल (सदस्य)

(44) श्री कन्हैयालाल चौधरी (सदस्य)

(45) श्री देवकीनन्दन नारायण (सदस्य)

(46) श्री अध्यक्ष इन स्थानों की पूर्ति करेंगे।

(47) श्री अध्यक्ष - खादी ग्रामोद्योग समिति

(48) श्री मंत्री- खादी ग्रामोद्योग समिति

(49) श्री अध्यक्ष- अ0भा0 सर्व सेवा संघ

(50) श्री मंत्री- अ0भा0 सर्व सेवा संघ

= = = = =

समिति रजि0 नं0 6)

(मधुबनी - 15-1-67) (पृ0नं0 82-ब)

प्रस्ताव नं0 11 :- गोवध बंदी आंदोलन

गोवध- बंदी आन्दोलन के सिलसिले में देश में अब तक जो घटनाएँ हुई उन पर गंभीरता से चर्चा की गयी। चर्चा के अंत में निम्न प्रस्ताव स्वीकृत किया गया :—

''भारत में संपूर्ण गोवंश- हत्या की बंदी जारी की जाय इस प्रश्न ~~को~~ को लेकर सर्वत्र जोर की आवाज उठी है। जगन्नाथपुरी के श्रीमत् जगद्गुरु शंकराचार्य और श्री प्रभुदत्त ब्रम्हचारी ने इस प्रश्न को लेकर पिछले 58 दिनों से अनशन जारी रखा है।

भारत सरकार ने लोक-सभा में जो आश्वासन दिया उतना पर्याप्त नहीं माना गया। सरकार ने इस प्रश्न का सांगोपांग विचार करने के लिए उच्चाधिकार समिति नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा है और जगद्गुरु की तथा ब्रम्हचारी जी को

अनशन समाप्त करने की विनती भी की ।

भारत में गोवंश की हत्या न हो, यह भावना भारतीय संस्कृति के आधार पर स्थित है । भारत ने मानवेतर प्राण्यिों में से विचारपूर्वक गाय को अपने परिवार में स्थान दिया है । इसलिए यह मानवीय संस्कृति का अगला बड़ा कदम है ।

इस सम्बन्ध में श्री. विनोबाजी ने हनुमान प्रसादजी पोद्दार को लिखे पत्र में, श्री. जयप्रकाश नारायण ने श्रीमत् जगद्गुरु को लिखे पत्र में और श्री. दादा धर्माधिकारी ने प्रधानमंत्री श्री. इन्दिरा गांधी को लिखे पत्र में संपूर्ण गोवध-बंदी की पुष्टि में जो विचार और भावना व्यक्त की है, उसके साथ प्रबंध समिति पूर्णरूप से सहमत है ।

गोवंश में से बैल किसानों के लिए सबसे अधिक उपयोगी जानवर होने के कारण उसकी उपेक्षा या अवहेलना अपेक्षाकृत कम होती है । इसलिए बैल की वृध्दावस्था में खिलाना आर्थिक दृष्टि से अधिक भार रूप नहीं है । और गाय की वृध्दावस्था में खिलाने का संकल्प भारत के संविधान में निहित है ।

इसलिए सर्व सेवा संघ सरकार से विनती करता है कि उसे भारत में गोवंश हत्या की संपूर्ण - बंदी को बिना किसी हिचकिचाहट के तत्वतः मान्य कर लेना चाहिए और भारतीय लोकमत का जो स्पष्ट दर्शन हुआ है, उसका आदर करना चाहिए ।

सर्व सेवा संघ श्रीमत् जगद्गुरु और श्री ब्रह्मचारीजी से भी सादर निवेदन करता है कि गोवध-बंदी के लिए उन्होंने अनशन करके भारत में अनुकूल वातावरण निर्माण किया है एवं देश में इस प्रश्न के प्रति जो भावना व्यक्त हुई है, उसको देखते हुए वे अब अपना अनशन अविलंब छोड़ने की कृपा करें ।''

= = = = = =

www.vinoba.in

(आबूरोड -5-6-68) पृ०नं० 146 /158

प्रस्ताव नं० 18 :- अ०भा० कृषि गो-सेवा संघ विधान

श्री राधाकृष्ण बजाज ने अ०भा० ~~सर्व-स-~~ कृषि गोसेवा संघ के नाम से स्वायत्त संस्था रजिस्टर्ड कराने के संबंध में कृषि गो सेवा संघ द्वारा स्वीकृत विधान का मसविदा पेश किया । विचार होकर तय किया गया कि उक्त विचार के अनुसार अ०भा० कृषि गो सेवा संघ नाम से स्वायत्त संस्था रजिस्टर की जाय । इस संबंध में की कानूनी कार्रवाई प्रबंधक ट्रस्टी करें ।

(पृष्ठ नं० 158)

परिशिष्ट नं० 4 :-

अखिल भारत कृषि गो-सेवा संघ-संविधान

(1) नाम :- संस्था का नाम -"अखिल भारत गो-सेवा संघ" रहेगा ।

(2) कार्यालय :- इसका कार्यालय बम्बई रहेगा । आवश्यकतानुसार कार्यवाहक समिति उसमें परिवर्तन कर सकेगी ।

(3) उद्देश्य :- सत्य और अहिंसा के मार्ग से शोषण विहीन समाज की रचना । इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये कृषि गो - सेवा को मध्य में रखते हुए महात्मा गांधी जी द्वारा बतायें गये समस्त विधायक कार्यक्रमों को चलाना एवं उनके द्वारा ग्राम अर्थ रचना मजबूत करना ।

= = = = = =

संगठन के नियम :-

(1) सदस्यता :- जिनकी उम्र 18 साल से ऊपर हो, और जिन्हें संस्था का उद्देश्य मान्य हो, ऐसे किसी स्त्री-पुरुष की कार्यवाहक समिति की स्वीकृति से संघ का सदस्य बनाया जा सकेगा। संघ के सदस्य निम्न प्रकार होंगे । ये सारे ही साधारण सभा के सदस्य माने जावेंगे ।

www.vinoba.in

(1) आजीवन सदस्य - आजीवन सदस्य वे होंगे-(अ) जिन्होंने कम-से-कम दस साल तक गो सेवा के क्षेत्र में सेवा प्रदान की हो एवं भविष्य में भी जो इसी गो-सेवा के क्षेत्र में कार्य करना चाहते हों, और (आ) संघ के रजिस्ट्री करने के समय जो प्रथम कार्यवाहक समिति के सदस्य हों ।

(2) मनोनीत एवं पदेन सदस्य :- मनोनीत एवं पदेन सदस्य निम्न प्रकार होंगे :-

(अ) सर्व सेवा संघ द्वारा मनोनीत पाँच प्रतिनिधि ।

(आ) स्टेट गोसंवर्धन कौंसिलों द्वारा एक-एक प्रतिनिधि साधारण सभा के लिए मनोनीत किया जा सकेगा ।

(इ) अध्यक्ष द्वारा मनोनीत विशेषज्ञ आदिका प्रतिनिधित्व हो।

(ई) सर्व सेवा संघ के अध्यक्ष, मंत्री व प्रबंध ट्रस्टी, तीनों पदेन सदस्य माने जावेंगे । कार्यवाहक समिति को अधिकार होगा कि वह अखिल भारतीय स्वरूप की किसी संस्था के एक या अधिक पदाधिकारियों को साधारण सभा के पदेन सदस्य बना लें ।

(3) संस्था सदस्य :- नीचेनुसार संस्थाएँ सदस्य मानी जायेगी । इनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि संस्था सदस्य कहलायेंगे । हर संस्था साधारण सभा के लिए एक प्रतिनिधि भेज सकेगी । कार्यवाहक समिति को अधिकार होगा कि संस्था देखकर प्रतिनिधियों की संख्या तीन तक बढा दें ।

(अ) प्रदेशीय गो सेवा संगठन जो वार्षिक रु० 101/= चंदा दें ।

(आ) प्रदेशीय गोशाला फेडरेशन जो वार्षिक रु० 101/- चंदा दे।

(ई) गो सेवा या अन्य विधायक कार्य करनेवाली संस्था जो वार्षिक रु० 51/- चन्दा दे ।

(4) साधारण सदस्य — नीचेनुसार साधारण सदस्य हो सकेगा ।

(अ) जो किसी प्रकार का गोव्रत रखते हों और सालाना रु० 1/- चंदा दे । गोव्रत कितने प्रकार के माने जायँ, इसका तफशील कार्यवाहक समिति तय करें ।

(आ) जिन्हें संघ का उद्देश्य मान्य हो और जो सालाना रुपया 11/- चन्दा दें ।

(5) सहयोगी सदस्य जो गो-सेवा में रुचि रखते हैं एवं सालाना रुपया 101/- या अधिक आर्थिक सहायता देते हों वे सहयोगी सदस्य कहलायेंगे।

www.vinoba.in

2— संघ के प्रधान अंग :-

(1) साधारण सभा — संघ की साधारण सभा उपरोक्त तमाम सदस्यों को मिलकर होगी । संघ के नीति - निर्धारण का काम साधारण सभा का रहेगा । संचालन के लिए कार्यवाहक समिति रहेगी, जिसके अध्यक्ष का चुनाव साधारण सभा करेगी एवं कार्यवाहक समिति की नियुक्ति अध्यक्ष करेंगे । साधारण सभा की वार्षिक बैठक में संघ के कामकाज की रिपोर्ट, हिसाब एवं साधारण सुझावों के लिए आगामी बजट रखा जायेगा ।

(2) कार्यवाहक समिति :— सभा के संचालन के लिए एक कार्यवाहक समिति रहेगी, जिसमें कम-से-कम 11 एवं अधिकतम 25 तक सदस्य होंगे । संघ की सारी स्थावर जंगम जायदाद इस समिती में निहित होगी । संचालन के पूरे अधिकार इस समिति को होंगे। संस्था का नीति निर्धारण साधारण सभा करेगी एवं संचालन, प्रबंध कारोबार की सारी जिम्मेवारी कार्यवाहक समिति की होगी ।

कार्यवाहक समिति का गठन नीचे मुताबिक होगा :-

(1) सर्व सेवा संघ द्वारा मनोनीत 5 सदस्य ।
(2) राष्ट्रीय गो सेवा संगठन एवं राष्ट्रीय गोशाला फेडरेशन के प्रतिनिधियों में से 7 तक प्रतिनिधि ।
(3) खादी ग्रामोद्योग कमीशन के 2 प्रतिनिधि ।
(4) पंचायत परिषद का 1 प्रतिनिधि ।
(5) संघ के प्रबंधक ट्रस्टी कार्यवाहक समिति के पदेन सदस्य होंगे ।
(6) आजीवन सेवक, संस्था सदस्य, सहयोगी सदस्य, व्रतधारी सदस्य एवं अन्य सदस्यों में से 10 तक प्रतिनिधि ।

(3) कार्यकाल :-

साधारण सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्षका होगा । आजीवन सदस्यों का कार्यकाल आजीवन होगा । प्रथम कार्यवाहक समिति एवं अध्यक्ष की नियुक्ति सर्व सेवा संघ करेगा । उसके दो वर्ष बाद हर वर्ष एक तिहाई सदस्य निवृत्त हुये उसी तरीके से पुर्ननियुक्त हो सकेंगे । पदाधिकारियों का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा ।

www.vinoba.in

(4) निर्णय :-

संस्था के विधान या नियमों में जो भी परिवर्तन करना हो, उसकी पूर्व सूचना देकर बुलाई गई कार्यवाहक समिति के सामने में उसको पास कराना चाहिये । उसके बाद पूर्व सूचना देकर बुलाई गई साधारण सभा में पास होना आवश्यक होगा । इन बैठकों में कार्यवाहक समिति का कोरम आधे से एवं साधारण सभा का कोरम पन्द्रह प्रतिशत से कम न हो ।

=-=-=-=-=

(सोबीदेवरा - 5-6-68) (पृष्ठ नं0 163)

प्रस्ताव नं0 2 आ :- कृ0 गो0से0 समिति पुनर्गठन :-

अखिल भारतीय कृषि गो सेवा संघ स्वतंत्र स्वायत्त संस्था के रूप में रजिस्टर किये जाने की कार्वाई होने पर सर्व सेवा संघ की कृषि गो-सेवा समिति चालू रहेगी । संघ के अध्यक्ष से निम्न 27 सदस्यों की नयी कार्यवाहक समिति का गठन घोषित किया है :-

सर्व श्री (1) उ0न0 ढेबर अध्यक्ष, (2) श्री राधाकृष्ण बजाज, उपाध्यक्ष (3) रल्लुभाई अडाणी, उपाध्यक्ष, (4) य0म0पारनेकर, मंत्री (5) नलिनभाई मेहता, मंत्री (6) मनमोहन चौधरी, सदस्य (7) जानकी देवी बजाज, - सदस्य(8) र0वरदन, सदस्य(9) करण भाई, (10) प्राणलाल भाई, सदस्य (11) सरदार दातारसिंह, सदस्य(12) मुकुंदभाई त्रिवेदी, सदस्य (13) तुलसीदास भाई विश्राम सदस्य(14) जयन्तीलाल भाई मानकर सदस्य (15) बुरडेजी, सदस्य (16) प्रेमभाई, सदस्य (17) मणिभाई, सदस्य (18) गजाधर सोमाणी, सदस्य (19) प्रतापभाई सरजी वल्लभदास सदस्य, (20) राजासाहब भद्री (21) गुलजारीलाल नन्दा, सदस्य (22) राजासाहब भद्री, सदस्य (23) धर्मचन्द सरावजी सदस्य (24) भक्तवत्सलम्, सदस्य (25) जयाबहन शाह, सदस्य (26) अखिल - अली सदस्य (27) प्रबन्धक ट्रस्टी, सर्व सेवा संघ, स्थायी निमंत्रित: सर्वश्री (1) लोचनदासजी (2) गोविन्ददास जी (3) तख्तमलजी जैन (4) ~~श्रीमन्नारायण~~ श्रीमन्नारायणजी (5) परेगार (6) कमलनयन बजाज (7) देशपाण्डेयजी,

www.vinoba.in